## न्यूज डायरी



### नेपाल–अमेरिका एमसीसी विवाद में अब कूदा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल और अमेरिका के बीच 50 करोड़ डॉलर के मिलेनियम कॉरपोरेशन चैलेंज कार्यक्रम को लेकर चल रहे गतिरोध में अब चीन खुलकर सामने आ गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह 'जबरदस्ती की कूटनीति' और संप्रभुता की कीमत पर सहायता के खिलाफ है। इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अमेरिका, चीन और विपक्ष के प्रचंड दबाव में चल रहे हैं। उनके सामने एक तरफ कुंआ तो दूसरी तरफ खाई की स्थिति पैदा हो गई है। पीएम शेर बहादुर देउबा अगर एमसीसी को संसद में नहीं पेश करते हैं तो अमेरिका नाराज हो जाएगा, वहीं अगर इसे पेश करते हैं तो इससे चीन भड़क उठेगा और उसके समर्थक पुष्प्प कमल दहल प्रचंड सरकार को ही गिरा देंगे। देउबा ने फिलहाल एमसीसी को संसद में नहीं पेश करने फैसला किया ताकि सरकार बची रहे। वह विपक्षी नेता और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली से मदद मांग रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन सीमा पर जारी भारी तनाव के बीच एक बार फिर से रूसी हमले की चेतावनी दी है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका का मानना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह रूसी हमला किसी भी समय हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी सेना ने बेलारूस से लेकर काला सागर तक यूक्रेन को घेर लिया है और हमारे पास यह भरोसा करने के लिए कारण है कि रूस आने वाले दिनों में हमले की योजना बना रहा है। वाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी सेना ने जिस तरह से घेराबंदी की है, उससे अमेरिका यह मानता है कि मास्को के निशाने पर यूक्रेन की राजधानी कीव है। बाइडन ने कहा, कोई गलती न करें, अगर रूस एक योजना पर आगे बढ़ रहा है, वह तबाही और गैरजरूरी युद्ध के लिए जिम्मेदार होगा।

### रोस्तोव क्षेत्र में शरणार्थियों के लिए रूस ने खोली 15 सीमाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रुस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इसी बीच रूस के रोस्तोव क्षेत्र में डोनबास के शरणार्थियों के लिए सीमा पार के 15 रास्ते खोल दिए हैं। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने शनिवार को स्पुतनिक को बताया स्व–घोषित लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक ने संपर्क लाइन पर तनाव बढ़ने पर अपने नागरिकों को रोस्तोव क्षेत्र से निकालने की घोषणा की। मंत्रालय ने कहा, 19 फरवरी तक रोस्तोव क्षेत्र में छह आटोमोबाइल, दो रेलवे और सात पैदल यात्री चौकियां बनाई गई हैं। दरअसल, एलपीआर और डीपीआर कीव पर उनके खिलाफ एक नया सैन्य अभियान शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि यूक्रेनी अधिकारियों ने बार–बार जोर देकर कहा है कि वे डोनबास में किसी भी स्थिति लिए रूस को जिम्मेदार मानता है।

### गुतारेस ने कहा–ये संकट युद्ध में बदला तो विनाशकारी होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया कि अगर रूस–यूक्रेन संघर्ष युद्ध में बदल गया तो यह विनाशकारी होगा। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि कूटनीति का कोई विकल्प नहीं है। अमेरिकी अनुमान के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के आस–पास करीब 1,69,000 से 1,90,000 सैनिकों को एकत्र कर लिया है, जबकि 30 जनवरी को करीब 1 लाख सैनिक थे। गुतारेस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन के आसपास रूसी सैनिकों के जमावड़े के बीच, मैं यूरोप में बढ़ते तनाव और सैन्य टकराव की अटकलों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हूं। मुझे अब भी लगता है कि ऐसा नहीं होगा।

# यूक्रेन के रूस समर्थक विद्रोहियों ने सेना को जुटने का दिया आदेश

**चेतावनी**

## रूसी हवाई ठिकाने पर बड़े पैमाने पर लड़ाकू विमान तैनात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कीव पर हमले की चेतावनी के बीच यूक्रेन के रूस समर्थक विद्रोहियों ने सेना को जुटने का आदेश दे दिया है। इन विद्रोहियों का दावा है कि यूक्रेन की सेना लगातार उनके इलाके पर गोले बरसा रही है। विद्रोही गुट लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक और दोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक ने अब सेना को लामबंद होने का आदेश दिया है। इससे पहले इन विद्रोहियों ने अपने इलाके से बड़ी संख्या में रूस समर्थक लोगों को रूसी इलाके में पहुंचा दिया था।

रूस समर्थक इन विद्रोहियों के एक नेता डेनिस पुशिलिन ने कहा कि उन्होंने सेना को लामबंद होने का आदेश दिया है। पुशिलिन ने कहा, मैं अपने साथी देशवासियों से जो रिजर्व में हैं, कहना चाहता हूं कि वे सैन्य रसद विभाग में आ जाएं। मैंने आज सेना के लामबंद होने का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने आरोप





लगाया कि यूक्रेन की सेना उनके इलाके में बड़े पैमाने पर गोलाबारी कर रही है। हमारी सेना ने हाल के दिनों में यूक्रेन की ओर से किए गए कई हमलों को रोका है।


इन विद्रोहियों ने अपने इलाके में मौजूद 18 से 55 साल के लोगों को बाहर जाने पर रोक लगा दी है। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन राष्ट्रपति कभी भी हमारे इलाके पर हमले का आदेश दे सकते हैं। इस बीच सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि रूस ने यूक्रेन की सीमा से सटे अपने एक हवाई ठिकाने पर बड़े पैमाने पर लड़ाकू विमानों को तैनात कर दिया है। रूस ने यह विमान ऐसे समय पर तैनात किए हैं जब उसका दावा है कि रूसी सेना अपने अभ्यास के बाद अब लौट रही है।

सैटलाइट तस्वीरों से पता चला है कि रूस के सभी विमान बिल्कुल हमला करने की स्थिति में रखे गए हैं। इसके अलावा रूस ने क्रीमिया, बेलारूस में भी बड़े पैमाने पर हथियार और सैनिकों की तैनाती कर रखी है। लुहान्स्क क्षेत्र के नेता लियोनिड पासचनिक ने बयान में कहा कि नागरिकों को खून–खराबे से बचाने के लिए मैं क्षेत्र के लोगों से अपील करता हूं कि जितना जल्दी हो सके रूस चले जाएं। यह कदम हाल के दिनों में क्षेत्र में यूक्रेन के सरकारी बलों और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच गोलाबारी में वृद्धि के बीच आया है। इससे पश्चिमी आशंकाओं को बल मिला है कि रूस इस बहाने हमला कर सकता है। पूर्वी यूक्रेन में 2014 में हुए अलगाववादी संघर्ष में 14,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

**रूस ने हमले का कर लिया है फैसला–जो बाइडनः** इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें 'यकीन' है कि रूस के राष्ट्रपति ने आने वाले वक्त में यूक्रेन पर आक्रमण करने का निर्णय लिया है। बाइडन ने कहा कि उनके पास 'यह मानने के कारण हैं' कि 'आने वाले दिनों' में ऐसा होगा और राजधानी कीव पर भी हमले होंगे। शुक्रवार को संघर्षरत क्षेत्र में एक काफिले पर गोलीबारी हुई और रूस समर्थित विद्रोहियों ने नागरिकों को वहां से निकाला। यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क शहर में एक कार पर बमबारी हुई लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## यूक्रेन के तानाशाह ने परमाणु बम तैनात करने की दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन की सीमा पर डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक और मिसाइलें तैनात करके आंखें दिखा रहे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अब बेलारूस के तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको का भी खुलकर साथ मिल गया है। लुकाशेंको ने चेतावनी दी है कि अगर हमारे विरोधियों ने मूर्खतापूर्ण कदम उठाए विदेशी खतर लगा तो वह अपने देश में रूस के अत्याधुनिक परमाणु हथियारों को तैनात करेंगे। बेलारूस के तानाशाह ने यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है जब यूक्रेन को लेकर रूस और पश्चिमी देशों में जंग के बादल मंडरा रहे हैं। इससे पहले भी लुकाशेंको रूस को परमाणु हथियार तैनात करने के लिए ऑफर दे चुके हैं। तानाशाह ने कहा, अगर जरूरी हुआ और हमारे विरोधियों ने मूर्खतापूर्ण कदम उठाए तो हम न केवल परमाणु बम तैनात करेंगे, बल्कि उससे भी घातक परमाणु हथियारों और आने वाले अन्य वेपन्स की तैनाती अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए की जाएगी। लेकिन अगर बेलारूस को गैर मित्र देशों से कोई खतरा नहीं हुआ तो अगले सैकड़ों साल तक परमाणु हथियारों की यहां पर जरूरत नहीं होगी। लुकाशेंका बेलारूस में व्यापक विरोध के बाद भी साल 1994 से सत्ता में बने हुए हैं।



## ब्रह्मांड में पहली बार मिला 3 चंद्रमा वाला ऐस्टरॉइड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। ब्रह्मांड के अंदर ऐसी अनगिनत चीजें हैं जो जिससे इंसान अभी भी अंजान है। वैज्ञानिकों ने अब ब्रह्मांड के अंदर एक ऐसे ऐस्टरॉइड का पता लगाया है जिसके 3 चांद हैं। यह आसमानी चट्टान 257 किमी चौड़ी है और उसकी खोज सबसे पहले 19वीं सदी में हुई थी। अब इस अनोखे ऐस्टरॉइड की पहचान अंतरिक्ष के पहले क्वाड्रूपल सिस्टम के रूप में हुई है। वैज्ञानिकों ने यूनानी देवता के नाम पर इसे 130 इलेक्ट्रा नाम दिया है। खगोलविदों ने पता लगाया है कि इस आसमानी चट्टानी के 3 छोटे–छोटे साथी चंद्रमा हैं। वैज्ञानिक 11 लाख ऐस्टरॉइड की खोज कर चुके हैं लेकिन अब तक यह नहीं सुना गया था कि किसी ऐस्टरॉइड के भी उपग्रह होते हैं।

## यूक्रेन के नेताओं की किलर लिस्ट बना रहे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। यूक्रेन को लेकर जंग जैसे हालात के बीच अमेरिका खुफिया एजेंसियों ने बड़ा दावा किया है। अमेरिकी जासूसों को जानकारी मिली है कि यूक्रेन पर कब्जा करने के बाद रूस वहां मौजूद मास्को विरोधी नेताओं को निशाना बनाने की बड़ी योजना बना रहा है। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निशाने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहीम चलाने वाले कार्यकर्ता, निर्वासन में रह रहे बेलारूस और रूस के विद्रोही भी हैं। रूस या तो इनकी हत्या कर सकता है या फिर उन्हें अरेस्ट कर सकता है।

अमेरिका ने यह चेतावनी ऐसे

### रूसी हमलो होने की सूरत में अरेस्ट किया जाएगा

समय पर दी है जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटीन ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र में दिए अपने भाषण में संकेत दिया था कि रूस अपने राजनीतिक विरोधियों को अरेस्ट करके या फिर उनकी हत्या करके उन्हें निशाना बनाएगा। ब्लिंकन ने कहा था, हमारे पास सूचना है कि रूस यूक्रेन के विशेष समूहों को निशाना बनाएगा। अमेरिका ने अपनी खुफिया सूचना को यूक्रेन और इलाके के अन्य सहयोगी देशों को साझा किया है। अमेरिकी पत्रिका फॉरेन पॉलिसी ने अमेरिकी खुफिया सूत्रों के हवाले बताया कि रूस ने लिस्ट तैयार की है जिसमें यूक्रेन के प्रमुख राजनेताओं और अन्य प्रमुख लोगों का नाम है। इन्हें यूक्रेन पर रूसी हमला होने की सूरत में या तो अरेस्ट किया जाएगा या फिर उनकी हत्या कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि इस लिस्ट में निर्वासन में यूक्रेन में रह रहे यूक्रेन और बेलारूस के विरोधी लोग, कार्यकर्ता, पत्रकार और जातीय अल्पसंख्यक तथा समलैंगिक समुदाय के लोग शामिल हैं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें 'यकीन' है कि रूस के राष्ट्रपति ने आने वाले वक्त में यूक्रेन पर आक्रमण करने का निर्णय लिया है।

### कोरोना का प्रकोप, वैश्विक मामले बढ़कर हुए 42.13 करोड़ से ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का प्रकोप पूरी दुनिया में अपने चरम पर है। दिन–ब–दिन बिगड़ते हालात के कारण कई देशों का बुरा हाल है। कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। वहीं वायरस के नए मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन आने के बाद, दुनिया भर में संक्रमण के मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। अब तक पूरी दुनिया में कोविड–19 के घातक वायरस की चपेट में 42.13 करोड़ से ज्यादा लोग आ चुके हैं। वहीं इस महामारी से अब तक कुल 58.7 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। हालांकि, राहत देने वाली खबर यह है कि दुनिया भर में अब तक 10.31 अरब लोगों को कोविड–19 के खिलाफ वैक्सीन लगाई जा चुकी है। ये आंकड़े हापकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं। सीएसएसई ने शनिवार सुबह नए अपडेट में बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले 421,348,262 हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 5,872,338 हो गई है। वहीं अभी तक कुल 10,317,284,055 टीकाकरण लगाए जा चुके हैं।